माध्यमिक शिक्षकों को दिया रिफ्रेशर प्रशिक्षण

निवाली। 21वीं सदी के जीवन कौशल शिक्षा को जनजातिय क्षेत्र के विद्यार्थियों में विकसित करने के लिए जनजातिय कार्य विभाग एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन मुंबई द्वारा सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम संचालित किया जा रह है। जिसके तहत माध्यमिक शिक्षकों का रिफ्रेशर प्रशिक्षण निवाली में हुआ। प्रशिक्षण 5 बैच में हुआ, जिसमें ब्लॉक के 151 शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर महेंद्र गोयल, दीनदयाल मेवाड़ा, प्रतीक आर्य एवं ब्लॉक मैनेजर मीनाक्षी यादव ने प्रशिक्षण दिया। इसमें दो वर्षों के मॉड्यूल एवं सत्रों पर विशेष रूप से समझ बनाई गई। साथ ही जीवन कौशल के आयाम अंतर्गत कौशल पर विस्तृत रूप से समझाए गए। इस सत्र में कक्षा 6ठी में 23 तथा 7वीं ओर 8वीं में 25 सत्रों को आयोजित किया जाना है। मीनाक्षी यादव ने विद्यालय स्तर पर सक्षम के महत्वपूर्ण इंडिकेटर सक्षम फ्रेमवर्क, मेरी सिख की दीवार, स्टडी कॉर्नर व सक्षम रजिस्टर को सांझा किया। साथ ही सत्र संबंधी रिपोर्टिंग एवं अन्य बातों पर भी चर्चा की गई। वहीं विखं शिक्षा अधिकारी प्रकाश चन्द्र शर्मा ने प्रतिभागियों से 2 वर्षों की समीक्षा की और मार्गदर्शन भी दिया। विखं स्त्रोत समन्वयक महेंद्र राठौर ने भी निर्देशित किया।

दंपति ने देहदान का भरा संकल्प पत्र

बड़वानी। रोटरी क्लब के बैनर तले डॉ गजेंद्र वास्केल एवं आरक्षक आसीन अंतिमबाला वास्केल ने देहदान का फार्म भरकर जीवन के बाद भी अपना शरीर मेडिकल शिक्षा के काम आ सके ऐसा अनूठा कार्य किया है। धामनोद में निजी क्लीनिक संचालित करने वाले गजेंद्र वास्केल ने बड़वानी के शासकीय अस्पताल में सिस्टर ममता राय और ब्लड बैंक के मनीष पांचाल को देहदान के लिए फार्म भरने की इच्छा व्यक्त की। जिस पर उन्होंने नेत्रदान और देहदान के लिए कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन को अवगत कराया और श्री जैन एवं रोटरी क्लब सचिव ललित जैन देहदान का संकल्प पत्र उनके घर पहुंचकर भराया। जिसमें मरणोपरांत नेत्रदान एवं देहदान का संकल्प लिया। जैन ने बताया कि 30 वर्षीय गजेंद्र वास्केल डीआरपी लाईन चुनाभट्टी में निवासरत है। अभी तक 35 बार रक्तदान कर चुके हैं। अभी हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने देहदान एवं अंगदान देने वाले लोगों गॉर्ड ऑफ ऑनर देने की घोषणा की जो दानदाताओं का सच्चा सम्मान साबित होगी।

दशा माता मंदिर पर हवन एवं भंडारे का आयोजन

झाबुआ। शहर के हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित दशा माता मंदिर पर 10 दिवसीय दशा माता पर्व आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 2 अगस्त को मंदिर में हवन बाद भंडारे का आयोजन हुआ। रात्रि जागरण कर अलसुबह माताजी की प्रतिमा के सम्मुख बोए गए ज्वारों का विसर्जन किया जाएगा। मंदिर के सेवक वैभव हटिला ने बताया कि हवन दोपहर 11 बजे से आरंभ हुआ। हवन पं. भावेश पाठक ने विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ संपन्न करवाया। जिसमें यजमान के रूप में निर्मला जगन्नाथ हटिला ने लाभ लिया। दोपहर 1 बजे हवन की पूर्णाहूति पर विशेष आरती की गई। बाद सभी के लिए भंडारा (प्रसादी) का आयोजन रखा गया, जो शाम करीब 5 बजे तक चला। शनिवार रात 8 बजे महाआरती के साथ रात्रि जागरण कर अलसुबह 4.30 बजे चल समारोह के रूप में ज्वारों का विसर्जन रंगपुरा स्थित अनास नदी पर किया जाएगा। 10 दिवसीय पर्व के दौरान मंदिर में माताजी का प्रतिदिन सुंदर श्रृंगार के साथ भक्तों की दर्शन-पूजन के लिए अत्यधिक भीड़ रहीं।

मप्र टूरिज्म क्विज जिला स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

झाबुआ। मप्र टूरिज्म बोर्ड और जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा मप्र टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता-2025 के प्रथम चरण की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 1 अगस्त को स्थानीय सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य हरीश कुंडल ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले की 57 विद्यालयों के 171 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 1 अगस्त को सुबह 9 से 10 बजे तक प्रतिभागी छात्रों का पंजीयन किया गया। पंजीयन उपरांत प्रात: 10 से दोपहर 12 बजे तक टूरिज्म पर आधारित लिखित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस लिखित परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त प्रथम 6 टीमों का चयन किया गया। दोपहर 12 से 2 बजे तक विद्यार्थियों के भोजन पश्चात् मल्टीमीडिया क्विज का आयोजन किया गया। इस मल्टी मीडिया क्विज प्रतियोगिता में 310 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर शारदा विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम झाबुआ की टीम रहीं। द्वितीय स्थान पर 270 अंक प्राप्त कर संस्कार पब्लिक स्कूल थांदला एवं तृतीय स्थान पर 200 अंक प्राप्त कर शासकीय उमा विद्यालय नौगांवा की टीम रही। तीनों विजेता टीमों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसी प्रकार पीएमश्री उमा विद्यालय मेघनगर, अणु पब्लिक स्कूल थांदला एवं शासकीय उमा विद्यालय कल्याणपुरा उप-विजेता रहे।

यह रहे अतिथि-पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि संयुक्त कलेक्टर आशीष सिंह थे। अध्यक्षता सहायक आयुक्त सुप्रिया बिसेन ने की। विशेष अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी रूपसिंह बामनिया रहे। अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को खेलभावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रेरणा दी। इस मल्टी मीडिया क्विज प्रतियोगिता में विजेता तीन टीमों को मप्र टूरिज्म के किसी भी हॉटल में 2 राते और 3 दिन और उपविजेता तीन टीमों को 1 रात और 2 दिन का दूर पैकेज मिलेगा तथा मेडल भी प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तर पर चयनित प्रथम टीम आगामी माह में भोपाल में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होगी।

बहनों ने पुलिस अधीक्षक को बांधी राखी

झाबुआ। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रक्षाबंधन के इस पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारी दीदी एवं जिले की महिला नगर सुरक्षा समिति की बहनों ने अपनी आत्मीय उपस्थिति दर्ज कराते हुए पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल को राखी बांधकर पर्व को श्रद्धा, सम्मान एवं भाईचारे के साथ मनाया। यह क्षण आत्मीयता, कर्तव्यनिष्ठा और समाज के प्रति सुरक्षा-संवेदना का प्रतीक बना। सुरक्षा के प्रहरी को समर्पित यह रक्षा-सूत्र, महिलाओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक है, जो समाज में शांति, सौहार्द और सहयोग की भावना को और प्रगाढ़ करता है।

जयस ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

सेंधवा विधायक ने जिला प्रशासन पर लगाए गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप, आदिवासी समाज के साथ अन्याय का उठाया मुद्दा

सेंधवा, (नवभारत)।

सेंधवा विधायक श्री मोंटू ने बड़वानी जिला प्रशासन पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें से एक वायरल ऑडियो ने सनसनी फैला दी है। विधायक ने आरोप लगाया कि इन ऑडियो में कथित तौर पर जिला पंचायत सीईओ द्वारा सचिवों से 10-10 लाख रूपए की मांग की गई, जिसे जनपद पंचायत पाटी ने आगे बढ़ाया। इस मामले में 40 लाख रूपए की बात होने और 3-3 लाख रूपए लिए जाने की जानकारी सामने आई है। विधायक ने सवाल उठाया कि यदि भ्रष्टाचार हुआ तो पैसे क्यों लिए गए और यदि पैसे लिए गए तो एफआईआर क्यों दर्ज की गई। उन्होंने इसे प्रशासन की दोहरी नीति करार दिया, जहां भ्रष्टाचार को दबाने और श्रेय लेने की कोशिश की जा रही है। बता दे कि जिला सीईओ काजल जावला द्वारा मीडिया से चर्चा में उन पर लगे राशि मांगने के आरोपों को गलत बताया था।

दर्ज एफआईआर का विरोध

विधायक ने कहा कि जयस (जय आदिवासी युवा शक्ति) कार्यकर्ताओं पर दर्ज एफआईआर का भी विरोध किया, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार उजागर करने में गलती की, तो उन्हें सजा दी जाए, लेकिन जिन अधिकारियों ने 40 लाख रूपए की मांग की, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि सेंधवा विधानसभा के मुहाला पंचायत में तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारी की जांच प्रतिवेदन में 13/10/2023 को 71 लाख रूपए की रिकवरी का प्रतिवेदन तैयार हुआ, लेकिन ढाई साल से इसकी लड़ाई लड़ते हो गए हैं, इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

विधायक सोलंकी ने प्रशासन पर आदिवासी समाज को प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जयस कार्यकर्ताओं ने दो बार आंदोलन की सूचना दी थी, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने कोई व्यवस्था नहीं की। उन्होंने सवाल उठाया कि जब दूसरा रोड उपलब्ध था, तो रोड अवरुद्ध करने का बहाना बनाकर कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई क्यों की गई। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर भी निशाना साधा, जिसमें एक थाना प्रभारी पर शराब रहा है उनके ऊपर क्यों नहीं एफआईआर दर्ज कर रहे हैं। विधायक ने चेतावनी दी कि आदिवासी युवा अब जागरूक हो चुके हैं और सड़क से लेकर संसद तक अपनी लड़ाई लड़ने में सक्षम हैं। उन्होंने प्रशासन से भ्रष्टाचार के मामलों का जल्द खुलासा करने और आदिवासी कार्यकर्ताओं को परेशान करना बंद करने की मांग की। उन्होंने कहा मैं हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं, अगली बार आप आपकी तैयारी कर लेना हम पूरी तैयारी के साथ भ्रष्टाचार उजागर करेंगे और मजबूती से लड़ेंगे। प्रशासन हमारे कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई करना बंद करे। अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

ऑडियो ने फैला दी सनसनी

- विधायक ने कहा कि भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आ रहे हैं।
- जिनमें से एक वायरल ऑडियो ने सनसनी फैला दी है।

श्रेयांस ने विधायक श्याम बर्डे के साथ सीएम से की भेंट

सीएम ने की उज्ज्वल भविष्य की कामना

पानसेमल, (नवभारत)।

नगर के निवासी एवं होनहार युवा श्रेयांस पंकज मित्तल ने माता-पिता एवं क्षेत्रीय विधायक श्याम बर्डे के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से भेंट की। युवाओं के लिए प्रेरणा बने श्रेयांस ने सीए-2025 परीक्षा में देशभर में 28वां स्थान प्राप्त कर अपने परिवार, क्षेत्र सहित प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

आल इंडिया की रैंक में श्रेयांस मित्तल ने हासिल किया 28वां स्थान

इस अप्रतिम उपलब्धि पर मुख्यमंत्री यादव ने श्रेयांस को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा यह सफलता उनके दृढ़ संकल्प, कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास का प्रत्यक्ष परिणाम है। परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

20वीं किश्त का किया वितरण

बड़वानी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 20वीं किश्त वितरण का कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा 2 अगस्त को वाराणसी उत्तर प्रदेश किया गया। शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला कलेक्टोरेट सभागृह में किया। पात्र किसानों को हर साल कुल 6000 की सहायता तीन किश्तों में दी जाती है। प्रत्येक किश्त में 2000 की राशि पात्र किसानों के बैंक खाते में सीधे डीबीटी के जरिए ट्रांसफर की जाती है। जिले में कुल 130713 हितग्राहियों को पीएम किसान की किश्त का लाभ दिया।

एक नजर में

भवन के अन्य कक्षों में संचालित हो रही हैं कक्षाएं

शासकीय प्रावि भवन का एक भाग हुआ खंडहर

नवभारत न्यूज़
पानसेमल 03 अगस्त.

जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहल्यापनी के भवन की स्थिति बहुत खराब हो चुकी है। भवन का एक भाग खंडहर हो चुका है, जिसके बाद अन्य कक्षों में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। वहां मौजूद प्रधान पाठक राजेंद्र भंडारी ने बताया कि विद्यालय भवन निर्माण पूर्ण नहीं हो पाया था, जिसके बाद इसकी जांच एवं कार्रवाई की जा रही है। विद्यालय में करीब 49 विद्यार्थी दर्ज हैं, ऐसे माहौल में बच्चे किस प्रकार अपनी शिक्षा को ग्रहण कर पाएंगे। वहीं विकासखंड में ऐसे अन्य भी विद्यालय भवन हैं, जहां भवनों की स्थिति खराब हैं तथा कुछ विद्यालय भवन विहीन हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार कब सूध लेंगे और कब विद्यार्थियों को सुविधाओं से युक्त शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे। इस बारे में विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद पाटीदार ने बताया कि जर्जर भवनों की सूची बीआरसी के माध्यम से जिले में भेज दी गई हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जिम्मेदारी होगी किनकी

अब सवाल यह है कि इतने वर्षों से विखं में कई विद्यालय हैं, जिनकी स्थिति बहुत खराब हैं, तो इनकी देखभाल करने या व्यवस्थाओं में सुधार करने की जिम्मेदारी किनकी होगी तथा जिन अधिकारियों, कर्मचारियों या जनशिक्षकों को व्यवस्थाओं में सुधार करने के लिए रखा है। उनके द्वारा क्या प्रयास किए गए या अब क्या प्रयास किए जाएंगे।

अंकुरम में रक्षाबंधन समारोह का आयोजन

झाबुआ। स्थानीय अंकुरम इंटरनेशनल स्कूल में 2 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व को विशेष रूप से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक अद्भुत और भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य आकर्षण रहा, मां और बच्चे द्वारा सजावट प्रतियोगिता। इस वर्ष रक्षाबंधन का आयोजन एक अनोखी थीम पर आधारित किया गया। माँ: बच्चे की पहली रक्षक, पहला बंधन जिसका उद्देश्य था उस गहरे और मजबूत बंधन को सम्मान देना, जो एक मां और उसके बच्चे के बीच होता है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य डॉ रितेश लिमये, शिक्षकगण एवं आमंत्रित अतिथियो ने भाग लिया। इसके पश्चात आयोजित सजावट प्रतियोगिता तीन श्रेणियां थीं। पहली नारियल सजावट यूकेजी के लिए, दुसरी थाली सजावट एलकेजी के लिए और तीसरी राखी सजावट नर्सरी के लिए। माताओं और बच्चों की टीमों ने

मिलकर अपनी रचनात्मकता, सजावट और भावनाओं के माध्यम से अद्भुत कलाकृतियां प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में माया तरुण बैरागी और विद्यालय की डायरेक्टर डॉ चारूलता दवे उपस्थित रही। अतिथियों ने उत्कृष्ट प्रतिभाओं का चयन कर पुरस्कार प्रदान किए। जिसमें राखी प्रतियोगिता में नफीसा बागीचावाला प्रथम एवं प्रियांगी महाजन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में थाली सजाओ प्रतियोगिता में मुस्तफा बोहरा प्रथम एवं सृष्टि सोनी द्वितीय रहे, नारियल सजाओ प्रतियोगिता में ध्रुवी नीमा प्रथम एवं प्रज्वल बारिया द्वितीय रहे। विजेताओं को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए गए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि से कार्यक्रम के पश्चात वृक्ष पर राखी बंधवाई गई। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण राखी मोमेंट नामक फोटो बूथ, जहां माताओं और बच्चों ने अपनी इस अद्भुत साझेदारी को कैमरे में कैद किया।समारोह में पहुंचे अतिथियों ने एवं विद्यालय की डायरेक्टर ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है, लेकिन मां वह पहली कड़ी है, जो जीवन की रक्षा करती है। आज का आयोजन इसी भाव को समर्पित है। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन किया गया और सभी ने इस अनोखे रक्षाबंधन को एक मीठी याद के रूप में अपने दिल में संजोया। आयोजन में विद्यालय के प्री प्राइमरी सेक्शन की समस्त शिक्षिकाओं का सहयोग रहा। संपूर्ण आयोजन प्री प्राइमरी इंचार्ज अर्चिता राठौर के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार में सजी राखियों की दुकानें

झाबुआ। शहर में रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार में राखियों की दुकाने जगह-जगह सज चुकी है और इन दुकानों पर खरीदी का दौर भी शुरू हो गया है। रक्षाबंधन पर्व कैलेंडर अनुसार 9 अगस्त को मनाया जाएगा। रक्षाबंधन पर्व को लेकर अलग-अलग ज्योतिषाचार्यों एवं पंडितों द्वारा मुर्हुत निकाले जाते है। पर्व को लेकर लोगों द्वारा खरीदी शुरू कर दी गई है। जिसमें बहने बाहर रहने वाले अपने भाईयों के लिए राखियों की दुकानों से रक्षासूत्र की खरीदी कर पोस्ट ऑफिस, कोरियर आदि के माध्यम से भिजवाई जा रहीं है। इसके साथ ही बाजारों में किराना, मिठाई, एव्हरप्रेश एवं नारियल की दुकानों पर भी भीड़ देखने को मिल रहीं है। बाजार में राखियों की दुकाने मेन बाजार, थांदला गेट, जिला चिकित्सालय मार्ग, श्री गौवर्धननाथ मंदिर तिराहा एवं राजवाड़ा पर सजी हुई है, जहां पहुंचकर बहने अपने भाईयों के लिए राखियां पसंद कर रहीं है।

2 झाबुआ-1- बाजार में सजी

250 तक की राखियां उपलब्ध

श्री गौवर्धननाथ मंदिर तिराहे पर राखी का व्यवसाय कर रहे विक्की सोलंकी ने बताया की उनकी दुकान पर 5 से लेकर 250 रू. तक की राखियां मौजूद है। जिसमें स्टोन, रूद्राक्ष राखी, ब्रेसलेट वाली राखी एवं बच्चों की कार्टन वाली राखियों की मांग अधिक है। इसके अलावा रक्षा सूत्र कलावे की भी खरीदी हो रहीं है। राखियों में नई वैराईटियों में कृष्णा राखी, भाभी राखी, कपल राखी, फैंसी राखी मौजूद है। जिनकी किमत 30 से लेकर 250 रू. तक है। विक्की के अनुसार वह दिल्ली एवं इंदौर से राखियों की खरीदी करके लाए है। भाव में पिछले वर्ष की तुलना में कुछ खास वृद्धि नहीं है।

स्काउट गाइड ने मनाया स्कार्फ डे दिवस

आलीराजपुर । भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय भोपाल के वार्षिक कार्यक्रम अनुसार एवं संभागीय कार्यालय इंदौर के निर्देशानुसार भारत स्काउट गाइड जिला संघ आलीराजपुर द्वारा विश्व स्कार्फ दिवस मनाया गया सर्वप्रथम मे जिला संघ द्वारा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमान प्रखर सिंह जी को एवं जिला शिक्षा कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर श्री निधि मिश्रा मैडम एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यालय में श्री संजय परवाल जी को विश्व स्कार्फ दिवस के अवसर पर जिला सचिव बद्रीलाल भाटोद्रा सह सचिव जय श्री गहलोत ब्लॉक सचिव अशोक प्रजापति एवं स्काउट मास्टर भिकला चौहान द्वारा स्कार्फ पहनाकर सभी को सम्मानित किया गया इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों और स्काउट सदस्यों ने स्कार्फ धारण कर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्काउटिंग के प्रति मूल्य जैसे सेवा अनुशासन और नेतृत्व को प्रोत्साहित करना है कार्यक्रम में जिले में स्काउट आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की है और प्रशासनिक अधिकारियों की भागीदारी ने स्काउट गाइड आंदोलन को प्रेरणादायक बना दिया।